आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 10.11.2025
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में "ईट राइट यूथ हैकथॉन–इनोवेशन चैलेंज" का शुभारंभ किया।
- पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा– सरकार आने वाले वर्षों में देवभूमि उत्तराखंड को "स्प्रिचुअल कैपिटल ऑफ वर्ल्ड" के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है।
- छठें राज्य वित्त आयोग–उत्तराखंड की टीम आज से 12 नवम्बर तक नैनीताल के तीन दिवसीय भ्रमण पर रहेगी।
- चंपावत में एसओजी और बनबसा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी में संलिप्त छह आरोपियों को गिरफ्तार किया।

ईट राइट यूथ हैकथॉन–इनोवेशन चैलेंज

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने देहरादून में "ईट राइट यूथ हैकथॉन–इनोवेशन चैलेंज" का शुभारंभ किया। यह कार्यक्रम युवाओं में सही खानपान की संस्कृति विकसित करने और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

डॉक्टर रावत ने कहा कि इस हैकथॉन का उद्देश्य युवाओं में "सही खाओ, स्वस्थ खाओ, टिकाऊ खाओ" की अवधारणा को सशक्त बनाना है। राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों के छात्र इसमें भाग लेकर "ईट राइट" विषय पर अपने नवाचार और समाधान प्रस्तुत करेंगे।

उन्होंने कहा कि राज्य में हाल के वर्षों में मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मानसिक तनाव और हृदय रोग जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां बढ़ी हैं, जो युवाओं में विशेष चिंता का विषय हैं। "ईट राइट इनोवेशन चैलेंज" युवाओं को राज्य की खाद्य प्रणाली को अधिक स्वस्थ, सुरक्षित और टिकाऊ बनाने के लिए नवाचार प्रस्तुत करने का अवसर देगा।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यदि भोजन की गुणवत्ता और खानपान की आदतों में सुधार लाया जाए, तो इन बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल युवाओं को समाज में जागरूकता फैलाने का मंच प्रदान करेगी।

स्प्रिचुअल कैपिटल ऑफ वर्ल्ड

पर्यटन, धर्मस्व और संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "स्प्रिचुअल कैपिटल ऑफ वर्ल्ड" के विजन को साकार करेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा उत्तराखंड को 8 हजार 260 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं की सौगात देना राज्य के प्रति उनके विशेष लगाव को दर्शाता है।

सतपाल महाराज ने कहा कि सरकार आने वाले वर्षों में देवभूमि उत्तराखंड को "स्प्रिचुअल कैपिटल ऑफ वर्ल्ड" के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में वाइब्रेंट विलेज के रूप में आध्यात्मिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों पर होमस्टे बढ़ाने की योजना है, ताकि अधिक से अधिक पर्यटक उत्तराखंड आकर प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक अनुभव का आनंद ले सकें।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार शीतकालीन चारधाम यात्रा और बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगातार अवस्थापना सुविधाओं का विकास कर रही है।

विशेष प्रदर्शनी

उत्तराखंड राज्य गठन की रजत जयंती के अवसर पर देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में राज्य के विकास कार्यों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है।

सचिव, उद्योग, विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यह प्रदर्शनी आज से 12 नवम्बर तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इसमें उत्तराखंड राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा को प्रदर्शित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टॉलों के माध्यम से पेयजल, सिंचाई, ऊर्जा, पर्यटन, उद्योग, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में हुई उपलब्धियों को दर्शाया गया है।

सचिव ने नागरिकों और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का अवलोकन करने की अपील की है।

संवाद

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती पर देहरादून स्थित एफआरआई परिसर में भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य की विकास यात्रा में योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों से संवाद किया। यह संवाद उत्तराखंड की 25 वर्षों की प्रगति और नागरिकों की भूमिका को दर्शाने वाला सशक्त मंच बना।

इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, युवा नवाचारक, पर्यटन और एडवेंचर स्पोर्ट्स से जुड़े उद्यमी तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की योजनाओं, बेहतर संपर्क, बुनियादी ढांचे और नवाचार को प्रोत्साहन ने उनके जीवन और आजीविका में सकारात्मक परिवर्तन लाया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इन प्रतिभागियों को उत्तराखंड की नई पहचान "आत्मनिर्भर, सशक्त और सतत राज्य" का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं, उद्यमियों और ग्रामीण महिलाओं की सफलता की कहानियां विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को साकार करने में प्रेरणा देंगी।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य की प्रगति जनभागीदारी, सामुदायिक नेतृत्व और नवाचार की भावना से प्रेरित है।

<u>कार्यक्रम आयोजन</u>

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नैनीताल नगर पालिका परिषद द्वारा विश्व प्रसिद्ध नैनी झील में दिन के समय 'रिगाटा' नामक बोट शो और सायंकाल में भव्य 'दीपदान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रिगाटा शो में दर्जनों नावों ने एक साथ झील के बीचोंबीच आकर एक आकर्षक गोलाकार आकृति बनाई। इस कार्यक्रम ने सभी पर्यटकों व स्थानीय निवासियों का मन मोह लिया।

वहीं, शाम के समय नगर पालिका की ओर से नैनी झील में एक भव्य दीपदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में दीपों का दान किया गया, जिससे पूरी नैनी झील जगमगा उठी।

<u>तीन दिवसीय भ्रमण</u>

नैनीताल में छठें राज्य वित्त आयोग–उत्तराखंड की टीम आज से 12 नवम्बर तक तीन दिवसीय भ्रमण पर रहेगी। इस दौरान आयोग नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों और ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति, राजस्व स्रोतों और विकास योजनाओं की समीक्षा करेगा।

मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने बताया कि यह भ्रमण कार्यक्रम जिले की वित्तीय सुदृढ़ता और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होगा। आयोग से प्राप्त सुझावों और टिप्पणियों को आगामी योजनाओं में शामिल किया जाएगा, जिससे स्थानीय निकायों की वित्तीय स्थिति मजबूत हो सके।

आयोग की टीम आज शाम 4 बजे काठगोदाम सर्किट हाउस पहुंचेगी। 11 नवम्बर को सुबह परिचय सत्र के बाद नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें होंगी। 12 नवम्बर को टीम जिले में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेगी और इसके बाद नगर निगम हल्द्वानी से रामनगर के लिए रवाना होगी।

भंडाफोड़

चंपावत में विशेष अभियान समूह और एसओजी और बनबसा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए स्मैक तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने भारत–नेपाल सीमा के देवीपुरा जंगल क्षेत्र से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके पास से 22 ग्राम स्मैक, तीन मोटरसाइकिल, दो स्कूटी, 18 हजार चार सौ रुपये नकद और पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

यह कार्रवाई एसओजी प्रभारी कमलेश भट्ट के नेतृत्व में की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ बनबसा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में उन्होंने स्मैक की लत और तस्करी में शामिल होने की बात स्वीकार की है।

पुलिस ने बताया कि दो अन्य फरार आरोपियों और स्मैक सप्लाई करने वालों की भी पहचान कर ली गई है, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की गई है।

निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर

चंपावत में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर गौरलचौड़ मैदान में निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला प्रशासन के बहुउद्देश्यीय शिविर के अंतर्गत जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आनंद सिंह गुसाईं के निर्देशन में हुआ। बड़ी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लेकर आयुर्वेदिक उपचार सेवाओं का लाभ उठाया।

शिविर में कुल 104 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया, जिनमें पेट से जुड़ी बीमारियां, श्वास–कास, मधुमेह, रक्तचाप और पंचकर्म से संबंधित रोगी शामिल थे। लोगों में पंचकर्म, कपिंग थेरेपी, अग्निकर्म, जलौकाविचार और रक्तमोक्षण जैसी पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति विशेष उत्साह देखा गया।

डॉ. गुसाईं ने बताया कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य आम जनता में आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, ताकि लोग रोगों की रोकथाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हों।

खो–खो प्रतियोगिता

टिहरी जिले के नरेंद्र नगर में राज्य स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर 18 में बागेश्वर और अंडर 14 में टिहरी के खिलाड़ियों ने बाजी मारी।

इस अवसर पर उत्तराखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डीके सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष राष्ट्रीय खेलों के बाद प्रदेश के बच्चों का खेल के प्रति रुझान बढ़ा है। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत में टिहरी बांध की झील में इंटरनेशनल कयाकिंग व कैनोइंग का प्रेसिडेंट्स का आयोजन किया जाएगा।

जिला खेल अधिकारी दीपक रावत ने बताया कि अगले वर्ष जिले में अंडर 14 की राष्ट्रीय स्तर की खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....

उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के उपलक्ष में देहरादून में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र के शिरकत की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय सहारा की प्रधानमंत्री के हवाले से सुर्खी है–दुनिया देखेगी उत्तराखंड का सामर्थ्य। इसी खबर पर दैनिक जागरण ने श्री मोदी के हवाले से लिखा–विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बन सकता है उत्तराखंड।

अमर उजाला की सुर्खी है– जमरानी, सौंग बांध समेत कई परियोजनाओं को लगेंगे पंख।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से ख़बर का शीर्षक दिया है–विकसित उत्तराखंड के मंत्र पर चल रहा प्रदेश।

एक अन्य ख़बर पर मानव वन्यजीव संघर्ष में अमर उजाला की ख़बर है– चमोली जिले में भालू ने तीन लोगों पर किया हमला।